हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 15 फरवरी 2026

04 शिवधाम में 170 मीटर ऊंची चोटी पर विराजते ...



07 जिला खनिज निरीक्षक ने पकड़े अवैध रेत से भरे...





# तीन मेले जारी, महाशिवरात्रि पर श्रद्धालुओं की सेवा के लिए प्रशासन सतर्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

आज महाशिवरात्रि हैं, फाल्गुन कृष्ण त्रयोदशी-चतुर्दशी पर भगवान शिव पहली बार अग्नि के विशाल लिंग के रूप में प्रकट हुए थे। यह दिन शिव की साधना, योग, और ध्यान के लिए उत्तम माना जाता है, क्योंकि इस रात ग्रहों की स्थिति आध्यात्मिक ऊर्जा के लिए अनुकूल होती है। महाशिवरात्रि को निशा शिवरात्रि भी कहा जाता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार इसी पावन रात्रि में भगवान शिव और माता पार्वती का दिव्य विवाह संपन्न हुआ था। यह रात्रि शिवतत्व के जागरण और आत्मशुद्धि की रात मानी जाती हैं। कहा जाता है कि इस रात्रि की गई पूजा अनेक जन्मों के पापों का क्षय कर देती है। इस महाशिवरात्रि पर कई दुर्लभ महासंयोग बन रहे हैं।

महाशिवरात्रि पर रविवार को पचमढ़ी मेले में लाखों भक्तों के पहुंचने की संभावना है। ऐसे में प्रशासनिक कसावट तेज है। शनिवार को भी हजारों की संख्या में भक्त चौरागढ़ पहुंचे और अपने आराध्य के दर्शन किए। भीड़ को देखते हुए पुलिस व होमगार्ड मुस्तैद है। वहीं इटारसी के तिलक सिंदूर में महाशिवरात्रि पर मेला शुरू हो चुका है। आज भक्तों की भारी भीड़ दर्शनों को पहुंचेगी। इसके अलावा जिले के अलग-अलग शिवालयों में भगवान भोलेनाथ का पूजन और रूद्र महाभिषेक होगा। काले महादेव, इच्छापूर्ति मंदिर,श्री चंद्रमौली नर्मेश्वर मंदिर में शनिवार रविवार को विशेष पूजन आयोजित होगी। इधर पचमढ़ी, सोहागपुर एवं इटारसी में महाशिवरात्रि पर्व पर लगने वाले मेलों के दौरान लाखों श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ के दर्शन को पहुंचेगे। जिसके लिए जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। यह निर्देश कलेक्टर सोनिया मीना दिए है।



## तीनों मेलो में श्रद्धालुओं की सुरक्षा पर ध्यान

पचमढ़ी के महादेव मेला, इटारसी के तिलक सिंदूर मेला तथा सोहागपुर में लगने वाले शिवरात्रि मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार तीनों मेला स्थलों पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुगमता और आवश्यक सुविधाओं के लिए प्रशासनिक अमला पूरी तरह तैनात है। प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा निरंतर मेला स्थलों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं की मॉनिटरिंग की जा रही है ताकि श्रद्धालुओं को निर्बाध रूप से दर्शन लाभ मिल सके। दुकानों का आवंटन व्यवस्थित लेआउट के आधार पर किया गया है। यातायात विभाग एवं आरटीओ द्वारा पार्किंग स्थल चिन्हित कर वाहनों की आवाजाही हेतु पृथक रूट तय किए गए हैं, जिससे यातायात सुचारू बना रहे।



## प्रथक-प्रथक कंट्रोल रूम से निगरानी

तीनों स्थानों पर पृथक कंट्रोल रूम स्थापित कर निगरानी रखी जा रही है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा हेल्थ कैंप लगाकर प्राथमिक उपचार की व्यवस्था की गई है। साथ ही एंबुलेंस को भी तैनात किया गया है। जिससे मरीजो को शीघ्र ही उपचार हेतु नजदीकी उपचार केन्द्र पहुंचाया जा सके। आपात स्थिति से निपटने हेतु प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं।

## शिव और शक्ति का मिलन है महाशिवरात्रि

शिव और शक्ति का मिलन हैं महाशिवरात्रि। इसलिए सृष्टि के सृजन और भगवान शिव द्वारा अग्नि लिंग के रूप में प्रकट होने की विशेष रात है। इस दिन उपवास, रात्रि जागरण, अभिषेक और 'ॐ नमः शिवाय' के जाप का विशेष महत्व है, जो आंतरिक अंधकार को दूर करने और आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त करने का मार्ग प्रशस्त करता है। श्रीराम ज्योतिष परामर्श से आचार्य पं हरिओम मिश्रा ने बताया कि मान्यता है कि इस रात्रि भगवान शिव और देवी पार्वती का विवाह हुआ था, जिसे भक्तों द्वारा बड़े उत्साह से मनाया जाता है। फाल्गुन कृष्ण त्रयोदशी-चतुर्दशी पर भगवान शिव पहली बार अग्नि के विशाल लिंग के रूप में प्रकट हुए थे। यह दिन शिव की साधना, योग, और ध्यान के लिए उत्तम माना जाता है, क्योंकि इस रात ग्रहों की स्थिति आध्यात्मिक ऊर्जा के लिए अनुकूल होती है। उन्होंने बताया कि दूध, दही, शहद, घी और जल से शिवलिंग का अभिषेक किया जाता है, जो मनोकामना पूर्ति के लिए विशेष है। निशीथ काल यानी रात के तीसरे प्रहर में की गई पूजा का विशेष फल मिलता है। भगवान शिव को बेलपत्र अर्पित करने से विशेष आशीर्वाद प्राप्त होता है। महाशिवरात्रि को निशा शिवरात्रि भी कहा जाता है, जहां भक्त शिव की भक्ति में रात भर जागकर और भजन-कीर्तन कर अपनी आत्मा को शुद्ध करने का प्रयास करते हैं।

## सुरक्षा को लेकर सख्ती जरूरी, पुलिस का 'सजग प्रहरी' अभियान जारी

# जिले में चोरी की घटनाओं का इजाफा खाकी की सुरक्षा पर सवाल लाजमी

जिले में चोरी की घटनाओं में इजाफा हुआ हैं खाकी की सुरक्षा पर सवाल उठना लाजमी है। हालांकि पुलिस प्रशासन जिले में आयोजित तीनों में मुस्तैद है जिसके कारण बल की कमी जरूर है। लेकिन नागरिक भी घर सूना छोड़ते समय सजग प्रहरी नहीं बर रहे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले में मानो अब खाकी का खौफ खत्म होता नजर आ रहा है। तभी तो अचानक जिले के थाना क्षेत्रों में चोरी की वारदातों में लगातार इजाफा हो गया है। रात के अंधेरे में अज्ञात चोर बंद घरों को निशाना बना रहे हैं और पुलिस व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। इन सभी घटनाओं में एक चौंकाने वाली समानता सामने आई है। चोरी किए गए सामान में पुराने चांदी के जेवर प्रमुख रूप से शामिल हैं। यह चोरी की घटनाएं पिछले तीन दिनों में पुलिस द्वारा जारी डीएसआर में दर्ज हैं। इन घटनाओं को देखकर आशंका बन रही है कि योजनाबद्ध तरीके से वारदातों को अंजाम दिया जा रहा है। लगातार हो रही चोरियों ने आमजन की नींद उड़ा दी है। लोग अपने घरों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं।

### आमजन ले सजग प्रहरी का फायदा

अब जरूरत है कि पुलिस प्रशासन तत्काल प्रभाव से सख्त कदम उठाए,रात्रि गश्त को और अधिक सक्रिय बनाया जाए। संदिग्ध व्यक्तियों की निगरानी बढ़ाई जाए। सर्राफा बाजारों में पुराने चांदी के जेवरों की खरीद-फरोख्त पर विशेष नजर रखी जाए। मोहल्ला एवं ग्राम स्तरीय सुरक्षा समितियों को सक्रिय किया जाए। यदि समय रहते ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो आमजन का पुलिस पर विश्वास कमजोर हो सकता है। हालांकि एसपी साईं कृष्णा एस थोटा जिले में बेहतर कानून व्यवस्था बनाने के लगातार प्रयास कर रहे हैं। पुलिस आमजनों के लिए सजग प्रहरी अभियान भी चला रही है। जिसके तहत अगर आमजन घर छोड़कर जाए तो पुलिस को सूचना दे। जिससे आपका घर खाली है इसकी जानकारी पुलिस को रहे। इस अभियान में आपके सूने घरों में अस्थाई सीसीटीव्ही कैमरे लगवाएं जाएंगे। जिससे घरों की सुरक्षा ओर सुनिश्चित हो जाएगी।

### पुलिस की रात्रि गश्त भी पर सवाल उठ रहे

पुलिस की रात्रि गश्त व्यवस्था भी सवालों के घेरे में आ गई है। यदि गश्त नियमित और प्रभावी होती, तो क्या चोर इतनी बेखौफी से वारदातों को अंजाम दे पाते ? शहरों के अंतिम छोर पर बनी कॉलोनियों में जहां पहले अपेक्षाकृत शांति का माहौल रहता था, अब वहां भी चोरी की घटनाएं बढ़ने लगी हैं। इससे साफ है कि चोरों के हौसले बुलंद हैं और उन्हें कानून का भय नहीं रहा। हालांकि इसका एक पहलू यह भी है कि जिले में अधिकांश पुलिस बल मेले में तैनात है।

### पिछले चार दिनों का पुलिस डीएसआर का डेटा

- थाना क्षेत्र पचमढ़ी में 13 फरवरी को वॉइन शॉप के पास खड़ी कार का शीशा तोड़कर पर्स व पिट्ठू बैग अज्ञात चुरा ले गया जिममें सोने की दो अंगूठिया, एक मंगलसूत्र, बच्चे का चांदी करधौना, एक जोड़ी चांदी की पायल जिसकी कुल कीमत 80 हजार हैं। फरियादी शुभम पिता रमेश मिश्रा ने इसकी शिकायत पचमढ़ी थाने में की है।
- नर्मदापुरम में कोतवाली थाना क्षेत्र 13 फरवरी को रामजीबाबा मेला की गली नंबर 2 से अज्ञात आरोपी ने फरियादी की सोने की चैन जिसकी कीमत डेढ़ लाख हैं को चुरा लिया। फरियादी किरण पति वींरेंद्र कुमार मालवीय ने इसकी शिकायत कोतवाली में दर्ज कराई है।
- देहात क्षेत्र में डबल फाटक के पास 13 फरवरी को साईं हेवन सिटी में घर का ताला तोड़कर पुरानी इस्तेमाल की जाने वाले सोने- चांदी के जेवरात जिनकी कुल कीमत 90 हजार रूपए है। अज्ञात आरोपी चोरी कर ले गया। फरियादी आदेश कुमार यादव ने इसकी शिकायत देहात थाना नर्मदापुरम में दर्ज कराई है।
- देहात थाना क्षेत्र में 13 फरवरी को घर का ताला तोड़कर ग्लोबल लेक सिटी हरदा बाईपास से अज्ञात आरोपी पुराने सोने-चांदी के जेवर जिनकी कीमत करीब 35 हजार रूपए है चोरी कर ले गया। फरियादी अशोक कुमार ठाकुर ने इसकी शिकायत देहात थाना नर्मदापुरम में दर्ज कराई है।
- 11 फरवरी को स्टेशन रोड़ पिपरिया में पॉलीवाल कालोनी ग्राम बिजनबाड़ा में अज्ञात आरोपी ने घर में घुसकर सोने चांदी के गहने एवं नकदी दस हजार चोरी कर ले गया है। जिसकी शिकायत फरियादी हरिगोलाप पिता नाथूराम बेनवंशी ने थाने में दर्ज कराई है।
- माखननगर थाना क्षेत्र में 10 फरवरी को यूनोक्स कंपनी ऑक्सीजन प्लांट मोहासा में फरियादी के साथ अज्ञात आरोपी ने साइबर फार्ड किया है। जिसकी शिकायत फरियादी अमलेश कुमार ने माखननगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कर कराई है।

# नर्मदापुरम मेले में मौत के कुएं में बड़ा हादसा टला, युवती बाल-बाल बची



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

संत शिरोमणि रामजी बाबा मेले में शुक्रवार रात उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब मौत के कुएं में मोटरसाइकिल चलाते समय एक युवती संतुलन खो बैठी और गिर पड़ी। बताया जा रहा है कि युवती ने बाइक से हाथ छोड़कर करतब दिखाने की कोशिश की, इसी दौरान बाइक डगमगा गई और वह कुएं के भीतर गिर गई। गनीमत रही कि गिरने के समय वह ज्यादा ऊंचाई पर नहीं थी, जिससे उसे गंभीर चोट नहीं आई और उसकी जान बच गई। हादसे के बाद मौके पर मौजूद दर्शकों में कुछ देर के लिए दहशत का माहौल बन गया। आयोजकों और स्टाफ ने तुरंत युवती को बाहर निकाला और प्राथमिक उपचार दिलाया।

# भाषणकला बच्चों का खेल नहीं, उक्ति को द चैम्प्स फन स्कूल के बच्चों ने किया खारिज



**नर्मदापुरम।** ईशान परिसर स्थित द चैम्प्स फन स्कूल के रामायण हॉल में दो दिवसीय पब्लिक स्पीकिंग प्रतियोगिता का भव्य आयोजन स्कूल हुआ। कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। प्री-प्राइमरी वर्ग के विद्यार्थियों का फाइनल राउंड हुआ उसके बाद प्राइमरी वर्ग के विद्यार्थियों का फाइनल राउंड तथा एक्सटेम्पोरे प्रतियोगिता का प्रथम एवं अंतिम चरण संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अंत में प्री-प्राइमरी फाइनल विजेताओं, प्राइमरी फाइनल विजेताओं तथा प्राइमरी वर्ग के एक्सटेम्पोरे प्रतियोगिता के विजेताओं का पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों आर.के. गुप्ता एडिशनल डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर, डॉ हंसा व्यास सेवानिवृत्त प्राध्यापक, राजेश शर्मा प्राचार्य, एसपीएम स्कूल , डॉ. जयश्री निमजे आदि शामिल रहे।

# पुलवामा शहीदों की स्मृति में पैदल कैंडल मार्च निकाला

**नर्मदापुरम।** पुलवामा में शहीद हुए वीर जवानों की पावन स्मृति में शनिवार को भावपूर्ण श्रद्धांजलि स्वरूप पैदल कैंडल मार्च का आयोजन किया गया। यह कैंडल मार्च शाम 5 बजे आजाद चौक मालाखेड़ी से प्रारंभ होकर विश्वकर्मा मंदिर, छोटा चौराहा होते हुए पुनः आजाद चौक पर समाप्त हुआ। इस कार्यक्रम का आयोजन जय हो सामाजिक कल्याण समिति, नर्मदापुरम द्वारा किया गया।





## प्रतिबंध के बावजूद रिसोर्ट्स में हो रहा तेज रोशनी वाले यंत्रों तथा डीजे का उपयोग

# एसटीआर के ईको सेंसेटिव जोन में रिसोर्ट्स बने 'वेडिंग डेस्टिनेशन'

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के इको सेंसेटिव जोन में उड़ाई जा रही नियमों की धज्जियां, बज रहे डीजे, तीव्र रोशनी फैलाई जा रही । सतपुड़ा टाइगर रिजर्व की टूरिज्म मढ़ई के प्रवेश द्वार ग्राम सारंगपुर के आसपास कुछ रिसोर्ट्स बने हुए हैं। जो इन दिनों वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में उपयोग में लिए जा रहे हैं और इनमें डीजे एवं तीव्र रोशनी की लाइट उपयोग में लाई जा रही है। लेकिन सूचना के बाद भी स्थानीय प्रशासन चुप है। सूत्र बताते हैं कि रिसोर्ट्स में ईको सेंसेटिव जोन की नियमावली की धज्जियां उड़ाते हुए डीजे का उपयोग किया जा रहा है। बताया जाता है कि मामले में सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के अधिकारियों की ओर से सोहागपुर राजस्व विभाग एवं पुलिस थाने को लिखित सूचना भी दी जा चुकी है। यद्यपि अधिकारी इस बात की पुष्टि खुलकर नहीं कर रहे हैं, लेकिन



दबे स्वर में रिजर्व प्रबंधन के अधिकारी इस बात को स्वीकार कर रहे हैं कि उन्होंने सोहागपुर एसडीम सहित सोहागपुर थाना प्रभारी को उक्ताशय के आवेदन दिए हैं। जिनमें उल्लेख है कि सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के ईको सेंसेटिव जोन के रिसोर्ट्स में शादी समारोह आयोजित किये जा रहे हैं। इस दौरान तेज ध्वनि में डीजे साउंड एवं तेज लाइट का उपयोग किया जा रहा है। जबकि प्रतिबंधित क्षेत्र में इन सब कार्यों पर रोक लगी हुई है। स्पष्ट है कि राजस्व विभाग एवं पुलिस का ध्यान इस और नहीं है। जिसके चलते रिसोर्ट्स में खुलेआम ईको सेंसेटिव जोन के नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।

### दिए पंचनामा व फोटोग्राफ्स

बताया जाता है कि ग्राम सारंगपुर में स्थित एक रिसोर्ट के संचालक के विरुद्ध नियम अनुसार कार्रवाई करने की अनुशंसा रिजर्व अधिकारियों ने की है। कार्रवाई के लिये अनुशंसा का प्रतिवेदन भी गत दिवस रिजर्व क्षेत्र संचालक, उप संचालक, सोहागपुर एसडीएम एवं पुलिस के क्षेत्रीय अधिकारियों को भेजे गए हैं। प्रतिवेदन में रिसोर्ट के अंदर मौके पंचनामे की छाया प्रति भी संलग्न की गई है। इसके अलावा मौके पर डीजे व तीव्र ध्वनि विस्तारक यंत्रों के होने के साक्ष्य के रूप में फोटोग्राफ्स भी अधिकारियों को प्रतिवेदन के साथ प्रेषित किए गए हैं।

### ये हैं प्रतिबंध के नियम

वन विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार भारत के राजपत्र में पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की नौ अगस्त 2017 की अधिसूचना के नियम चार के अनुसार ईको सेंसेटिव जोन एवं रिजर्व क्षेत्र में ध्वनि विस्तारक यंत्रों एवं अति तीव्र रोशनी का उपयोग पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 का घोर उल्लंघन है। और रिसोर्ट्स इन उल्लंघनों को करने में आगे हैं। लेकिन सतपुड़ा टाइगर रिजर्व अधिकारियों द्वारा सूचना के बाद भी सोहागपुर राजस्व विभाग एवं पुलिस के द्वारा कोई भी कार्रवाई नहीं की जा रही है। उल्लेखनीय है कि क्रिसमस एवं नववर्ष दौरान भी रिसॉर्ट में डीजे, तेज ध्वनि के यंत्रों एवं तीव्र रोशनी के उपयोग पर प्रतिबंध के पत्र रिजर्व प्रबंधन ने जारी किए थे। लेकिन तब भी नियमों की धज्जियां उड़ाई गई थीं।

### दिया है नोटिस

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व से शिकायत मिलने के बाद संबंधित रिसोर्ट संचालक को नोटिस दिया गया है। अन्य सभी रिसोर्ट में भी नोटिस प्रेषित किए जाएंगे कि इको सेंसेटिव जोन के नियमों का पालन करें। अन्यथा कार्रवाई की जाएगी।

**प्रियंका भल्लावी**, एसडीएम सोहागपुर

# नपाध्यक्ष ने किया राजघाट पर निर्माण कार्य का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव के नेतृत्व में नगर में चहुंओर निर्माण चल रहे हैं। नर्मदापुरम का सबसे महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट राजघाट का जीर्णोद्वार कार्य का शनिवार निरीक्षण किया गया। चल रहे कार्य की गुणवत्ता देखी तथा निर्माण एजेंसी को कार्य को गुणवत्तापूर्ण और समय सीमा में करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उपयंत्री आयुषी रिछारिया, निर्माण एजेंसी के अजय नागेश आदि उपस्थित थे। उपयंत्री आयुषी रिछारिया ने बताया कि राजघाट का जीर्णोद्वार का कार्य तेज गति से चल रहा है। जिसमें रिटर्रिंग वाल का कार्य करीब 20 प्रतिशत हो चुका है। अधिकांश कार्य बारिश से पहले से पूर्ण हो जाएगा। शनिवार को नपाध्यक्ष श्रीमती यादव द्वारा चल रहे कार्य का निरीक्षण किया गया।

## खबर संक्षेप



### बांका में वोल्टेज और बिजली समस्या जारी

**शाहपुर।** ग्राम पंचायत कुंडी के अंतर्गत आने वाला ग्राम बांका के ग्रामीण वोल्टेज और बिजली सप्लाई की समस्या को लेकर विद्युत विभाग के कार्यालय शाहपुर पहुंचे। वहां उन्होंने विद्युत विभाग के कर्मचारियों अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया। ग्राम बांका के पवन वर्मा ने बताया कि उन्हें पर्याप्त बिजली नहीं मिल पा रही है। वोल्टेज की समस्या बनी हुई है। जिससे उनकी पानी की मोटर और विद्युत उपकरण का नुकसान पहुंच रहा है। इस संबंध में विद्युत विभाग के अधिकारी हितेश कुमरे ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा बताई गई बिजली की समस्या को शीघ्र समाप्त किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मैन फीडर से वोल्टेज को भी पूरी तरह चेक किया जाएगा। अगर ग्राम बांका का ट्रांसफार्मर कमजोर हुआ तो उसे भी शीघ्र ही बदल दिया जाएगा।

### 3 हजार 479 विद्यार्थियों ने दी 10 वीं, 12वीं परीक्षा

**बैतूल।** माध्यमिक शिक्षा मंडल मप्र भोपाल द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा-2026 के तहत शनिवार को जिले में कक्षा 10वीं और 12वीं का एनएसबीएफ समग्र विषयों का प्रश्नपत्र शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा के लिए जिले में 55 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। जिनमें कुल 3 हजार 538 परीक्षार्थी दर्ज थे। इनमें से 3 हजार 479 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 59 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए अधिकारियों ने 12 परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। परीक्षा के दौरान सुरक्षा और निगरानी के पुख्ता इंतजाम थे, जिससे अव्यवस्था की स्थिति निर्मित नहीं हुई।

### भोपाली मेले में होगा महाशिवरात्रि पर भंडारा

**बैतूल।** प्रगतिशील कतिया समाज संगठन बैतूल के तत्वावधान में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर विगत वर्ष 2006 से निरंतर भंडारा प्रसादी का वितरण किया जा रहा है। इस वर्ष भी 15 फरवरी 2026 को संत भूरा भगत सेवा समिति भोपाली द्वारा भोपाली मेले में शिव भक्तों के लिए प्रसादी वितरण का आयोजन किया जाएगा। आयोजकों ने बताया कि महाशिवरात्रि के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु भोपाली मेले में पहुंचते हैं। संत भूरा भगत सेवा समिति एवं प्रगतिशील कतिया समाज संगठन द्वारा वर्षों से सेवा परंपरा का निर्वहन करते हुए भंडारे का आयोजन किया जाता है। संगठनों ने समस्त शिव भक्तों से अपील की है कि वे भोपाली मेला पहुंचकर प्रसादी ग्रहण करें।

## दो राज्यों की सीमा पर स्थित धार्मिक आस्था का प्रतीक एवं प्राकृतिक सौंदर्य की प्रतिमा है सालबर्डी

# शिवधाम में 170 मीटर ऊंची चोटी पर विराजते हैं भोलेनाथ







हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

सतपुड़ा की मनमोहक वादियों में बसा शिवधाम सालबर्डी धार्मिक आस्था का प्रतीक ही नहीं, बल्कि प्राकृतिक सौंदर्य की प्रतिमा भी है। मध्यप्रदेश-महाराष्ट्र की सीमा पर स्थित सालबर्डी धाम पर शिवरात्रि के अवसर पर लगने वाले विशाल मेले की तैयारियां पूर्ण हो गई है। जिसका बैतूल जिला कलेक्टर नरेंद्र सूर्यवंशी एवं पुलिस अधीक्षक वीरेन्द्र जैन सहित अधिकारियों ने जायजा लिया, यहां शिवरात्रि पर मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र से लाखों लोग भगवान भोलेनाथ के दर्शन के लिए पहुंचते हैं। शिवधाम सालबर्डी में प्रकृति अपना खजाना लुटाती प्रतीत होती है। प्राचीन समय में पत्थरों पर उकेरी गई कलाकृतियाँ समृद्ध वास्तुकला के इतिहास का आईना प्रस्तुत करती हैं, किंतु इन सबके बावजूद इस समृद्ध धरोहर को सजाने और संवारने के प्रयास कभी नहीं किए गए।

### वास्तुकला के इतिहास का आईना दिखाती प्रतिमाएं

धार्मिक स्थल सालबर्डी में श्रद्धा गगन को चुमती है। शिवधाम सालबर्डी में 170 मीटर ऊंची चोटी पर भुयार नामक स्थान पर भगवान भोलेनाथ विराजमान हैं। यहां स्थापित प्राचीन शिवलिंग प्राकृतिक बताया जाता है, जिसके ऊपर से चट्टानों से निरंतर बूंद-बूंद जल गिरता रहता है। यह दृश्य ऐसा प्रतीत होता है, मानो स्वयं प्रकृति भगवान भोलेनाथ का अभिषेक कर रही हो। इस जल को अत्यंत पवित्र माना जाता है और यही छोटी गंगा का उद्गम स्थल भी है, छोटी गंगा भगवान भोलेनाथ के शीश से निकलकर मांडू नदी की जलधारा में समा जाती है।

### महानुभाव पंथ का मंदिर और पांडवों की कथाएं

महानुभाव पंथ का मंदिर के निचले भाग में स्थित है, जिसे घोडो की घोड़ पाक कहा जाता है। यहां भगवान विष्णु के नौ रूपों की आकर्षक प्रतिमाएं विद्यमान हैं। सती माता का मंदिर, सीता की नहानी और निकट ही स्थित एक प्राचीन मजार भी यहां के आकर्षण हैं। पुरातत्व विभाग द्वारा संरक्षित पांडू कचेरी इस स्थान की ऐतिहासिक पहचान है। यहां पांच पत्थरों के सिंहासन के साथ एक कक्ष भी स्थित है। दंतकथा के अनुसार अज्ञातवास के दौरान पांडव इसी स्थान पर रुके थे। यहां लाक्षागृह भी है, जो लगभग 100 मीटर ऊंची चट्टान को काटकर बनाया गया है। इसमें एक विशाल हाल और तीन से अधिक कमरे हैं। इसकी भीतरी दीवारों को देखकर ऐसा प्रतीत होता है मानो कल ही इसमें आग लगाई गई हो।

### प्रकृति की अनुपम छटा बिखेरता सालबर्डी

मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र की सीमा पर स्थित सालबर्डी प्राकृतिक सौंदर्य का अनमोल खजाना समेटे हुए है। धाम के मध्य से बहती मांडू नदी की पावन धारा और झरनों के रूप में कल-कल करती छोटी गंगा यहां के वातावरण को और भी रमणीय बना देती है। मांडू नदी शिव धाम सालबर्डी सबसे महत्वपूर्ण पहलू है। मांडू के चारों ओर ऊंची ऊंची चोटियों पर स्थित मंदिर और नीचे विशाल रूप से बहती मांडू नदी एक अलग लोक में पहुंच जाने का आभास कराती है। किंतु यहां सुरक्षा के इंतजाम नहीं है जिसके कारण यहां आए दिन दुर्घटनाएं भी होती है।

### दो प्रदेश, एक संस्कृति

सालबर्डी ग्राम दो राज्यों में विभाजित है। ग्राम के मध्य से गुजरने वाली एक सडक़ इसे मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र के हिस्सों में बांटती है, किंतु यहां के निवासियों की सांस्कृतिक विरासत एक ही है। इस ग्राम का रोचक तथ्य यह है की सडक़ के एक ओर जहां महाराष्ट्र सरकार की योजनाएं क्रियान्वित होती है वहीं दूसरी ओर मध्य प्रदेश शासन की योजनाएं चलती है। मार्ग के एक और अंधेरा होता है तो दूसरी ओर घर बिजली से रोशन होते हैं। किसी का मायका सडक़ के 20 फीट दुरी पर महाराष्ट्र में है तो किसी का ससुराल 20 फीट की दूरी पर मध्यप्रदेश में है। प्रतिवर्ष यहां भरने वाले मेले के आयोजन में दोनों प्रदेशों के लोग मिलकर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जो आपसी सौहार्द और एकता की अनूठी मिसाल प्रस्तुत करता है।

### अनेक समस्याएं मौजूद

प्रतिवर्ष लाखों की संख्या में श्रद्धा-सुमन अर्पित करने आने वाले श्रद्धालु भक्तों को आज भी कठिन रास्तों से होकर गुजरना पड़ता है। कुछ स्थानों पर रेलिंग लगा दी गई है सीढ़यॉं भी बन गई है किंतु कुछ स्थान पर अब भी मार्ग अत्यंत छोटे और कठिन है जो मेले के समय गंभीर संकट का आभास दिलाते हैं।



## शिवमय होगी फाल्गुन की रात्रि, रविवार को गूंजेगा हर-हर महादेव

**भौंरा।** आस्था, साधना और श्रद्धा का महापर्व महाशिवरात्रि रविवार को पूरे भक्तिभाव के साथ मनाया जाएगा। फाल्गुन मास की कृष्ण पक्ष चतुर्दशी को आने वाला यह पावन पर्व भगवान शिव और माता पार्वती के दिव्य मिलन का प्रतीक माना जाता है। इस बार शिवरात्रि का रविवार को पडऩा श्रद्धालुओं के लिए विशेष शुभ संयोग माना जा रहा है, जिससे पर्व का आध्यात्मिक महत्व और अधिक बढ़ गया है। पंचांग के अनुसार चतुर्दशी तिथि 15 फरवरी रविवार की सायं लगभग 5.04 बजे से प्रारंभ होकर सोमवार 16 फरवरी की सायं तक रहेगी। रात्रि 12.09 बजे से 1.01 बजे तक का समय निशीथ काल कहलाता है, जिसे भगवान शिव के प्राकट्य का सर्वोत्तम मुहूर्त माना गया है। मान्यता है कि इस काल में विधिवत पूजन, रुद्राभिषेक और ऊ नमः शिवाय मंत्र का जप करने से साधक को विशेष फल की प्राप्ति होती है। रात्रि के चारों प्रहरों में शिवलिंग का अभिषेक और जागरण का विशेष महत्व बताया गया है। ज्योतिषाचार्य पंडित केशव नारायण मिश्रा ने बताया कि महाशिवरात्रि पर शिवलिंग पर जल, दूध, दही, शहद, बेलपत्र और धतूरा अर्पित करना अत्यंत पुण्यदायी माना जाता है। उन्होंने कहा कि रविवार का संयोग इस पर्व को और भी प्रभावशाली बना रहा है, क्योंकि यह दिन सूर्यदेव का होते हुए भी शिव आराधना के लिए शुभ फलदायी माना गया है। उनके अनुसार निशीथ काल में किया गया जप-तप और अभिषेक जीवन के कष्टों को दूर कर मनोकामनाओं की पूर्ति का मार्ग प्रशस्त करता है। क्षेत्र के शिव मंदिरों में महाशिवरात्रि को लेकर तैयारियां प्रारंभ हो चुकी हैं।

## शिवम सेवा समिति 17 साल से निभा रही भंडारे के साथ रक्तदान करने की परंपरा

### पहले दिन केंद्रीय राज्य मंत्री डीडी उइके व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और बैतूल विधायक भंडारे में पहुंचे



**बैतूल।** शहर की शिवम सेवा समिति पिछले 17 सालों से भंडारे के साथ रक्तदान की परंपरा निभा रही है। समिति महाशिवरात्रि के अवसर पर कमानी गेट के पास न्यू बैतूल स्कूल ग्राउंड में विशाल भंडारी का आयोजन करती है। यह भंडारा महाशिवरात्रि पर्व के एक दिन पहले से शुरू हो जाता है। महाशिवरात्रि पर्व पर छोटा भोपाली में दर्शन के लिए जाने वाले हजारों श्रद्धालु यहां पर रुककर मंडरा लेते हैं। इस समिति भंडारे के साथ-साथ ही यहां पर स्वेछिकरूप से रक्तदान की भी शुरुआत की है। समिति के सदस्य अन्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित होकर ना केवल भंडारे में सेवा देते हैं बल्कि रक्तदान भी करते हैं। समिति के सहयोग से हुए रक्तदान को जिला अस्पताल के जरूरतमंद मरीज को दिया जाता है। शिवम सेवा समिति के प्रमुख राकेश शर्मा बताते हैं कि महाशिवरात्रि पर हर बार बड़ी संख्या में लोग शिव जी के दर्शन करने के लिए भोपाली जाते थे, उनके साथ बच्चे बूढ़े और सभी लोग होते थे, इन्हें देखकर और उनकी श्रद्धा को देखते हुए दूर-दूर से आने वाले इन श्रद्धालुओं के लिए मन में भंडारे का आयोजन करने की इच्छा हुई। उस समय कुछ ही लोगों के माध्यम से एक दिन के भंडारे का आयोजन किया गया। इसके बाद समिति के सदस्य जुड़ते गए और फिर भंडारे ने विशाल रूप ले लिया। उन्होंने बताया कि वे और अन्य सहयोगी लोग के माध्यम से यहां पर तीन दिनों तक भंडारा किया जाता है। इसमें बड़ी संख्या में लोग वह श्रद्धालु जुड़ते है इसे एक धार्मिक कार्यक्रम होने के साथी सेवा की भावना भी जागृत होती है। उन्होंने बताया कि इस सेवा के साथ रक्तदान की भी पहला समिति के माध्यम से की गई है। इसमें श्रद्धालु व समिति से जुड़े लोग बड़ी संख्या में रक्तदान करते हैं। इससे जरूरतमंद लोगों को रक्त उपलब्ध हो जाता है। रक्तदान एक महादान भी है, यह जो महाशिवरात्रि के पर्व पर समिति के सदस्य व अन्य लोग करते हैं। समिति इस साल अपने 17 वर्ष में प्रवेश कर रही है, जो एक सराहनीय कार्य है समिति का प्रयास लोगों के सहयोग से ही संभव हो सकता है।

**पहले दिन पहुंचे बैतूल सांसद व केंद्रीय मंत्री बैतूल विधायक और प्रदेश अध्यक्षः** विशाल भंडारे के प्रथम दिन प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, केंद्रीय मंत्री डीडी उइके, आमला विधायक योगेश पंडाग्रे, बैतूल भाजपा जिला अध्यक्ष सुधाकर पवार ने भंडारे स्थल पर आकर समिति के सदस्यों की हौसला अफजाई की और रक्त दाताओं को प्रमाण पत्र बाटा।

### नजूल विभाग में पदस्थ आरआई के पुत्र की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

चंद्रशेखर वार्ड में 26 वर्षीय दीपांक सिरसाम की मौत हो गई। वह नजूल विभाग में पदस्थ आरआई सुखराम सिरसाम के बड़े बेटे थे। परिजन उन्हें राठी हॉस्पिटल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। दीपांक शुक्रवार को भोपाल गए थे, जहां उन्होंने एक प्रतियोगी परीक्षा का इंटरव्यू दिया था। इंटरव्यू देने के बाद वह कार से घर लौटे रहे थे। इसी दौरान आठवां मिल के पास रास्ते में कार में गड़बड़ी आने पर वह एक बाइक सवार के साथ इटारसी रोड पहुंचा, और वँहा से पैदल घर पहुंचा। प्राथमिक तौर पर मिली जानकारी में बताया कि घर पैदल जाने के दौरान रास्ते में किसी गाय के उनके पीछे दौडऩे पर वह भागते हुए घर पहुंचा और मां से घबराहट की शिकायत की, जिस पर मां ने उन्हें नींबू पानी पिलाया और हाथ पैर दबाया। परन्तु घबराहट कम न होने पर परिजन उन्हें राठी अस्पताल ले गए, लेकिन उसकी मौत हो गई। डॉ. नूतन राठी ने बताया कि युवक को घबराहट की शिकायत के बाद अस्पताल लाया गया था। प्रारंभिक तौर पर यह मामला कार्डियक अरेस्ट (हार्ट अटैक) का लग रहा है। शुक्रवार की शाम को ही दीपांक का अंतिम संस्कार किया गया। अस्पताल पुलिस चौकी के सूत्रों के अनुसार प्रारंभिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी मौत का कारण हार्ट अटैक है। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक तौर पर पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी युवक के पेट में कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। मौत का कारण कार्डियक हार्ट अटैक होना बताया गया है।

## विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य व तनाव प्रबंधन पर कार्यशाला आयोजित की गई




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

वीर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्री सरदार विष्णु सिंह उईके शासकीय महाविद्यालय सारनी बगडोना में राष्ट्रीय टास्क फोर्स एनएफटी मानसिक स्वास्थ्य एवं विद्यार्थी कल्याण के अन्तर्गत तनाव प्रबंधन पर कार्यशाला का आयोजन प्राचार्य प्रदीप पंद्राम एवं एनटीएफ नोडल अधिकारी डॉ. दीपक कुमार मानकर के संरक्षण में किया गया। इस कार्यशाला में श्री प्रदीप पंद्राम ने कहा कि प्रायः सभी व्यक्तियों के जीवन में कुछ न कुछ तनाव होता है। सम्मान की चाह सभी में होती है। किसी का ज्यादा, तो किसी का कम सम्मान होना भी तनाव कारण है। तनाव व्यक्ति के भीतर नही, बल्कि बाहरी परिस्थितियों के टकराव से उत्पन्न होता है। मनुष्य के भीतर तनाव बाहरी आवरण से आता है। इसे कम करने हमें नकारात्मक से सकारात्मक की ओर अधिक से अधिक मोडऩे की कोशिश कर तनाव को काफी हद तक कम कर सकते हैं। साथ ही आपने समस्त विद्यार्थियों एवं समस्त स्टाफ को यह तनाव प्रबंधन कार्यशाला के माध्यम से तनाव से बचने के लिए प्रेरित किया। इसके अन्तर्गत मैं अकेला नहीं हूँ विषय पर विद्यार्थियों द्वारा समूह चर्चा भी की गई। छात्र भूपेन्द्र यादव ने कहा कि तनाव का कारण व्यक्ति खुद स्वयं है। व्यक्ति दूसरे के योग्यता को देखकर स्वयं की योग्यता का कम आकलन करता है, जो आगे चलकर तनाव का कारण बनता है। डॉ. गोलमन आहके ने कार्यक्रम का संचालन कर आभार व्यक्त किया तथा कहा कि विद्यार्थियों को तनाव प्रबंधन, सकारात्मक सोच और स्वस्थ जीवनशैली अपनाना चाहिए।

### आयुर्वेद व होम्योपैथिक दवाएं बांटी

## निःशुल्क चिकित्सा शिविर में 201 लाभार्थियों ने लिया लाभ

**बैतूल।** वन विद्यालय बैतूल में 14 फरवरी शनिवार को आयुष विभाग द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन कार्यालय संचालक वन विद्यालय बैतूल के आग्रह पर किया गया। संचालक वन विद्यालय बैतूल लक्ष्मीकांत वासनिक, अनुदेशक वन विद्यालय अमित खन्ना और सहायक अनुदेशक वन विद्यालय केएस बघेल की उपस्थिति में संपन्न हुआ। जिला आयुष अधिकारी डॉ योगेश चौकीकर ने बताया कि वन विद्यालय बैतूल में नोडल अधिकारी डॉ लक्ष्मी किशनानी द्वारा आयुष विभाग की संचालित योजनाओं एवं सुविधाओं की जानकारी दी।




शासकीय आयुर्वेद जिला चिकित्सालय में संचालित गुदा मार्गगत रोग चिकित्सा शिविर, पंचकर्म शिविर, गर्भ संस्कार, स्वर्ण प्राशन, आयुष क्योर एप तथा प्रतिदिन योगाभ्यास के संबंध में जानकारी प्रदान की। शिविर में डॉ नरेंद्र डढोरे, डॉक्टर पूनम नागले, डॉक्टर हेमराज इवने, डॉ अर्चना आसरेकर, डॉ शिवदयाल कुमरे आदि कर्मचारियों ने सेवाएं दीं।

### अध्यक्षों के साथ बैठक आयोजित

## जमीनी स्तर पर संगठन मजबूत करना पहली प्राथमिकताः डागा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

आमला विधानसभा क्षेत्र में संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूती देने के उद्देश्य से जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष निलय डागा ने चारों नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्षों की एक महत्वपूर्ण और रणनीतिक बैठक जिला कार्यालय में आयोजित की। बैठक में हाल ही में नियुक्त जिला संगठन महासचिव बृजभूषण पांडे ने विस्तृत कार्ययोजना प्रस्तुत करते हुए संगठन विस्तार की ठोस रूपरेखा रखी। बैठक में आमला ब्लॉक अध्यक्ष विजेंद्र भावसार, सारनी ब्लॉक अध्यक्ष बटेश्वर भारती, बोरदेही ब्लॉक अध्यक्ष महेश यादव और सारनी ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष ललित यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे। जिला अध्यक्ष निलय डागा ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करना ही पहली प्राथमिकता है।

उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक ब्लॉक में पंचायत कमेटियों का गठन शीघ्र किया जाए और उसके साथ ही हर वार्ड में सक्रिय वार्ड कमेटियां बनाई जाएं, ताकि संगठन की पकड़ बूथ स्तर तक सुनिश्चित हो सके। निलय डागा ने कहा कि जब तक संगठन की जड़ें गांव और वार्ड तक नहीं पहुंचेंगी, तब तक जनता की आवाज प्रभावी ढंग से नहीं उठाई जा सकती। उन्होंने चारों ब्लॉक अध्यक्षों को अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय कार्यकर्ताओं की पहचान कर उन्हें जिम्मेदारियां सौंपने के निर्देश दिए। साथ ही यह भी कहा कि प्रत्येक स्तर पर नियमित बैठकें आयोजित कर रिपोर्ट जिला कार्यालय को भेजी जाए। जिला संगठन महासचिव बृजभूषण पांडे ने बैठक में विस्तृत कार्ययोजना रखते हुए बताया कि आने वाले समय में सदस्यता अभियान, बूथ सशक्तिकरण और जनसमस्याओं के संकलन पर विशेष जोर रहेगा।

उन्होंने कहा कि पंचायत और वार्ड कमेटियों के गठन के बाद एक संरचित नेटवर्क तैयार होगा, जिसके माध्यम से आमजन की समस्याएं सीधे जिला स्तर तक पहुंचेंगी और आवश्यकता पडऩे पर आंदोलनात्मक कार्यक्रम भी तय किए जाएंगे। निर्णय लिया गया कि आमला विधानसभा क्षेत्र के चारों ब्लॉकों में अलग-अलग चरणों में संगठनात्मक समीक्षा बैठकें आयोजित की जाएंगी।

### दो दर्जन ग्रामों को दी 3.59 करोड़ रुपए के निर्माण कार्यों की सौगात

# गांव और शहरों के चहुंमुखी विकास व जन-जन की समृद्धि के लिए काम कर रही है केंद्र संग प्रदेश सरकारः हेमंत खंडेलवाल

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने केंद्रीय राज्य मंत्री के साथ किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष, बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल के प्रयासों से मुख्यमंत्री विशेष विधि से स्वीकृत 3 करोड़ 59 लाख रुपए की लागत से स्वीकृत हुए 24 निर्माण कार्यों का भूमिपूजन 14 फरवरी को श्री खंडेलवाल ने केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके के साथ किया। बैतूल विधानसभा क्षेत्र के बारहवीं ,खंडारा एवं खेड़ी सांवलीगढ़ ग्रामों में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रमों को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि 1947 में देश आजाद हुआ था, तब से यदि विकास होता तो हम दुनिया में अव्वल होते । जब भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी तो विकास ने रफ्तार पकड़ी अब हर क्षेत्र में तेजी से विकास हो रहा है।

उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की मध्य प्रदेश सरकार द्वारा गांव और शहरों के चहुंमुखी विकास के के साथ ही जन-जन की समृद्धि के लिए जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से सतत काम किया जा रहा है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बैतूल विधायक श्री खंडेलवाल ने कहा कि बैतूल विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक ग्राम में वहां के निवासियों की आवश्यकताओं के मुताबिक हर मूलभूत सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है ,जिससे रहवासियों का जीवन आसान बन सके ।हमारा प्रयास प्रत्येक ग्राम को आदर्श ग्राम बनाना है।



### विकास के क्षेत्र में हो रहा अभूतपूर्व काम : डीडी उईके

बैतूल विधानसभा क्षेत्र के खंडारा ग्राम में निर्माण कार्यों के भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने 11 वर्षों में विकास सहित हर क्षेत्र में अभूतपूर्व काम किया है ।पूर्व सांसद स्वर्गीय विजय कुमार खंडेलवाल का जिक्र करते हुए केंद्रीय राज्य मंत्री श्री उईके ने कहा कि बाबूजी ने बैतूल जिले में विकास की नई इबारत लिखी थी। अब भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल बैतूल विधानसभा ही नहीं बल्कि समूचे बैतूल जिले के विकास के लिए जुटे हुए हैं ।उन्होंने कहा कि केंद्र और मध्यप्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का जमीनी स्तर तक क्रियान्वयन होने से आज शहरों से लेकर गांव-गांव तक समग्र विकास नजर आ रहा है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने शनिवार को बैतूल विधानसभा क्षेत्र के बारहवीं , खंडारा, खेड़ी सांवलीगढ़ ग्रामों में मुख्यमंत्री विशेष निधि से 3 करोड़ 59 लख रुपए की लागत से स्वीकृत 24 निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। जिसमें 3 करोड़ 8 लाख रुपए की लागत से बारहवीं, सोहागपुर, सेलगांव , नाहिया, बघौली गोरखार, दीवान चारसी, नीमझिरी ,कन्नडग़ांव, भैंसदेही, खेड़ली, लाखापुर, बघवाड़ ,बडोरा, पीपला, गोनीघाट, मंडई खुर्द, लापाझिरी, महदगांव, जामठी ग्रामों में सर्वसुविधायुक्त सामुदायिक भवनों का निर्माण किया जाएगा ।

### औद्योगीकरण की राह हो रही आसान


भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि उन्होंने विधायकी के पहले कार्यकाल में पारसडोह, घूघरी, गढ़ा, मेंढा, वर्धा सहित अन्य सिंचाई परियोजना स्वीकृत करवाई थी। जिससे जिले में सिंचाई के रकबे में साल दर साल इजाफा हो रहा है। गांव-गांव में प्रत्येक घर तक नल से शुद्ध जल पहुंचने के लिए मेंढ़ा जलाशय पर 200 करोड़ की पेयजल योजना सहित अन्य बड़ी पेयजल परियोजनाओं पर काम हो रहा है। बैतूल जिले में फोरलेन, टू लेन सडक़ों का जाल बिछाया जा रहा है, बिजली की पर्याप्त उपलब्धता हो गई है। बिजली ,पानी ,सडक़ों की उपलब्धता से अब बैतूल जिले में औद्योगीकरण की राह आसान हो गई है। उन्होंने कहा कि बैतूल में बड़े उद्योग स्थापित करवाए जाएंगे, जिससे युवाओं को जिले में ही रोजगार मिल सकेगा।

### जनप्रतिनिधियों-सरकारों के कार्यों का विश्लेषण करे जनता

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि जनता को वर्तमान एवं पूर्व जनप्रतिनिधियों और सरकारों के कार्यों का विश्लेषण व तुलना करना चाहिए। जिससे यह पता चलेगा कि किसी जनप्रतिनिधि और सरकार द्वारा जनता की समस्याओं, आवश्यकताओं को संवेदनशीलता से समझकर जमीनी स्तर तक विकास व समृद्धि के लिए कार्य किया है। जो जनप्रतिनिधि एवं सरकार निष्ठा एवं ईमानदारी से जनहित के कार्य कर रहे हैं जनता को उनकी सराहना भी करनी चाहिए। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष सुधाकर पवार ,जिला पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे, बैतूल जनपद उपाध्यक्ष कृष्णा लोखंडे, बैतूलबाजार नगर परिषद उपाध्यक्ष सुरेश गायकवाड ,किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष महेश्वर सिंह चंदेल, मंडल अध्यक्ष सुनील पवार, नीतू पटेल, नितिन बारस्कर, जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य, सरपंच, उप सरपंच, पंच ,पार्टी पदाधिकारी- कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### शांति बैठक का हुआ आयोजन



**नर्मदापुरम।** आगामी त्योहारों को लेकर शनिवार को कोतवाली थाने में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें मुख्य रूप से सुरक्षा व्यवस्था पर चर्चा हुई। बैठक में एसडीओपी जितेन्द्र पाठक, कोतवाली टीआई कंचन ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि महेन्द्र यादव, बिजली विभाग और अन्य विभागों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### पल्सर से लूट ले गए गैस सिलेंडर

**नर्मदापुरम।** शहर के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कुलामडी रोड पर शनिवार सुबह बेखौफ बदमाशों ने चोरी की एक सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया। गरिमा गैस सर्विस के गोदाम के बाहर खड़े सप्लाई वाहन से दो अज्ञात युवकों ने सरेराह गैस सिलेंडर पार कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शनिवार सुबह गरिमा गैस सर्विस का टाटा एस वाहन सप्लाई के लिए तैयार खड़ा था। वाहन में 45 घरेलू और 1 कमर्शियल सिलेंडर लदे हुए थे।

### अवैध रेत उत्खनन व परिवहन कार्य को अंजाम दे रहे

# जिला खनिज निरीक्षक ने पकड़े अवैध रेत से भरे 4 ट्रैक्टर ट्रॉली

अवैध रेत कारोबार सोहागपुर में जमकर चल रहा है शनिवार को खनिज निरीक्षक ने रेत का अवैध परिवहन करते हुए। 4 टै्रक्टर-ट्रॉली जब्त किए है। जिन्हें पुलिस अभिरक्षा में खड़ा किया है।



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

खनिज निरीक्षक केके परस्ते ने सोहागपुर थाना क्षेत्र में शनिवार को रेत का अवैध परिवहन करते चार ट्रैक्टर ट्राली पकड़े हैं। चारों ट्रैक्टर ट्राली को पुलिस अभिरक्षा में सौंपा गया है। सोहागपुर थाने से प्राप्त जानकारी अनुसार पकड़े गए चार ट्रैक्टरों में से दो के नंबर क्रमशः एमपी 05 जेडबी 6641 व एमपी 05 जेडजी 8567 हैं। जबकि दो ट्रैक्टर ट्राली के नंबर ज्ञात नहीं हैं। पुलिस ने रोजनामचे में खनिज निरीक्षक केके परस्ते के आवेदन पर सभी ट्रैक्टरों के चेचिस नंबर व इंजन नंबर लिखकर अभिरक्षा में लिया है।

#### धड़ल्ले से जारी रेत चोरी

उल्लेखनीय है कि सोहागपुर क्षेत्र में कुछ लोग मिलजुलकर अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन कार्य को अंजाम दे रहे हैं। बताया जाता है कि इस काम में सेमरी रोड के समीप स्थित ग्रामों किवलारी, बारंगी, कटिया, लांघा आदि क्षेत्रों में बहुत सक्रिय एक नेता संलग्न है। वहीं रेल लाइन पार क्षेत्र में सेमरी मंडल क्षेत्र के व्यक्ति के नेतृत्व में रेतचोर सक्रिय हैं। पुलिस की नज़र इन लोगों पर है, लेकिन कार्रवाई नहीं हो पा रही है। वहीं इन दिनों रेत कारोबार से जुड़े लोगों के आपसी झगड़े भी बढ़ रहे हैं।

# रेत की ओवरलोडिंग कर रहे सात डंपर जब्त सनखेड़ा-पुरानी इटारसी मार्ग पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



अवैध रेत का काला कारोबार दिन के उजाले सहित रात में भी धड़ल्ले से जारी है। इसकी बानगी है कि कलेक्टर के निर्देश पर तीनों विभागों को आपसी समन्वय बनाकर सड़कों पर उतरना पड़ रहा है और अवैध रेत पर अंकुश लगाने वाहनों को जप्त करना पड़ रहा है। हालांकि यह कार्रवाई नाम मात्र की ही है। इससे भी अधिक रेत से भरे डंपर अवैध मात्रा में रेत लेकर महानगरों की ओर दौड़ रहे हैं।

शुक्रवार देर रात कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम नीलेश शर्मा, तहसीलदार सुनीता साहनी और जिला खनिज अधिकारी दिवेश मरकाम के नेतृत्व में राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने सनखेड़ा–पुरानी इटारसी मार्ग पर घेराबंदी कर सात डंफर जब्त किए। कार्रवाई रात करीब 9 बजे की गई। प्रशासन को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि जिले की रेत खदानों से निर्धारित क्षमता से अधिक रेत भरकर वाहन परिवहन कर रहे हैं तथा कई मामलों में वैध दस्तावेज भी उपलब्ध नहीं हैं। इसी आधार पर टीम ने संदिग्ध वाहनों की सघन जांच शुरू की। जांच के दौरान ओवरलोडिंग और दस्तावेजों में गड़बड़ी पाए जाने पर डंपरों को जब्त कर रामपुर थाने में खड़ा कराया गया। जब्त किए गए वाहनों में क्रमांक आरजे 09 जीई 2297, एमपी 12 एच 4646, एमपी 47 एच 7707, एमपी 12 एचजेडएफ 6774, एमपी 47 जेडसी 5783, एमपी 09 बीजी 0542 तथा आरजे 09 जीई 6453 शामिल हैं। प्रारंभिक जांच में कई वाहनों के परिवहन चालान, रॉयल्टी रसीद और भार संबंधी दस्तावेजों में विसंगतियां सामने आई हैं। एसडीएम ने बताया कि अवैध खनन और बिना वैध अनुमति रेत परिवहन के मामलों में खनिज अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर नियमानुसार जुर्माना व अन्य दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही संबंधित वाहन मालिकों और परिवहनकर्ताओं से स्पष्टीकरण भी मांगा जाएगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन एवं ओवरलोडिंग के विरुद्ध अभियान आगे भी जारी रहेगा। अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी, ताकि राजस्व हानि रोकी जा सके और सड़कों की सुरक्षा व संरचना को नुकसान से बचाया जा सके।

# वेयरहाउस में रखी हजारों क्विंटल मूंग गायब, थाने मामले पहुंचा, जांच जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर



माखन नगर विकासखंड के ग्राम चीलाचौन के एकलव्य वेयरहाउस में वर्ष 2023-24 में द्वारा खरीद कर रखी गई मूंग में से हजारों क्विंटल मूंग गायब होने की जानकारी प्राप्त हुई है। अब यह जांच के बाद पता चलेगा की कितनी मूंग गायब है और कौन इसका जिम्मेदार है। वेयरहाउस संचालक आरती तोमर पति नरेंद्र तोमर निवासी इंदौर ने पुलिस थाने माखन नगर में एक आवेदन देकर वेयरहाउस शाखा माखन नगर के प्रबंधक द्वारा षडयंत्र कर फ़साने की आशंका जताई है जिस पर जांच कर कार्रवाई करने के पुलिस को आवेदन दिया है। वही वेयरहाउस शाखा माखन नगर के प्रबंधक हेमंत नाथ ने बताया गोदाम में रखी मूंग की बोरी गायब है इस संबंध में जिले के वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत करा दिया है। उनके निर्देश पर जांच के बाद पता चलेगा की कितनी क्विंटल मूंग गायब है जिला प्रबंधक वासुदेव डवांडे ने बताया कि कितनी क्विंटल मूंग कम है यह अभी नहीं बताया जा सकता गणना की जाएगी उसके बाद ही पता लगेगा और एवं वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं टी आई अनूप उइके ने बताया एकलव्य वेयरहाउस की संचालक का आवेदन पत्र प्राप्त हुआ है जिसमें उन्होंने उल्लेख किया है की माखन नगर शाखा के प्रबंधक ने मेरे प्रतिनिधि भाई को वाट्सएप मैसेज कर जानकारी दी थी कि आपके वेयरहाउस में चोरी हो गई है जिसमें प्रबंधक द्वारा षडयंत्र रचने की बात कही गई है जिसकी जांच कर कार्रवाई करने का आवेदन दिया है वहीं वेयरहाउस के अधिकारियों ने भी थाने पहुंचकर इसकी जानकारी दी एवं एकलव्य वेयरहाउस की वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर जांच करवाकर एवं गणना कर कार्रवाई कराएंगे। वही वेयरहाउस संचालक आरती तोमर के प्रतिनिधि भाई अमित तोमर जिन्हें वाट्सएप कर वेयरहाउस प्रबंधक ने मैसेज दिया था। उन्होंने एक पत्र प्रबंधक को लिखा है जिसमें बगैर उनकी उपस्थिति में वेयरहाउस के ताले खोले गए और स्टॉक से छेड़छाड़ की गई और षडयंत्र कर वेयरहाउस के मालिक और प्रतिनिधि को फंसाने की कोशिश की जा रही है और खुद को बचाया जा रहा है। वही ऐसी भी जानकारी है कि अगर अन्य वेयरहाउस की जांच बारीकी से की जाए तो कई वेयरहाउस में गड़बड़ी उजागर हो सकती है लेकिन जब भी इस प्रकार की शिकायत आती है तो शाखा प्रबंधक को बदल दिया जाता है और जांच ठंडे बस्ते में डाल दी जाती है सूत्रों से जानकारी के अनुसार हजारों क्विंटल मूंग वेयरहाउस से गायब है। वेयरहाउस लॉजिस्टिक के रीजनल मैनेजर अतुल सोरठे से जब बात करनी चाही तो उन्हें फोन रिसीव नहीं किया।

# महा शिवरात्रि का 5 दिवसीय मेला आज से शुरू होगा




हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर में नर्मदापुरम मार्ग स्थित शिव पार्वती प्राचीन पाषाण प्रतिमा मंदिर परिसर में पांच दिवसीय मेला प्रारंभ होगा। जिसकी प्रशासनिक तैयारियां पूर्ण की जा चुकी हैं।

सोहागपुर नगर परिषद सीएमओ कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार निकाय द्वारा दुकानों के लिए आउट डालने के बाद पेयजल की समुचित व्यवस्था की जा चुकी है। दुकानदारों एवं मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए शौचालय की व्यवस्था भी की जा रही है। नप से प्राप्त जानकारी अनुसार लगभग 200 दुकानों के लिए आउट डाले गए हैं। साथ ही इस बात का ध्यान रखा जा रहा है कि दुकानों की दो पंक्तियों के बीच काफी चौड़ी सड़क बनाई जाए। ताकि आकस्मिक स्थिति में टैंकर अथवा फायर ब्रिगेड आसानी से मेले में पहुंच सकें। वही मंदिर में भक्तों के प्रवेश के लिए बेरीकेटिंग महिला व पुरुष वर्ग के लिए दो अलग-अलग रास्ते बनाने के निर्देश प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा दिए गए हैं।

### परिक्रमावासियों का स्वागत विशाल भंडारे के साथ हुआ



**पिपरिया।** ग्राम पंचायत में मां नर्मदा नदी की पावन परिक्रमा पर निकले श्रद्धालुओं के सम्मान में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। पूरे आयोजन में धार्मिक आस्था, उत्साह और सामाजिक एकता की झलक देखने को मिली। पिपरिया नगर पालिका की पूर्व अध्यक्ष सरिता बलराम सिंह बैंस अपने समर्थकों - राजेंद्र पालीवाल, रामलाल पारवानी, राजीव दुबे, योगेश सोनी एवं टीकाराम सराठे के साथ अपने-अपने परिवार सहित मां नर्मदा की परिक्रमा यात्रा पर निकलीं। श्रद्धालुओं ने बताया कि नर्मदा परिक्रमा केवल एक धार्मिक यात्रा नहीं, बल्कि आत्मिक शांति और आत्मचिंतन का माध्यम भी है। पूजन के उपरांत विधानसभा क्षेत्र के श्रद्धालुओं एवं ग्रामवासियों के सहयोग से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

# श्री चंद्रमौली नर्मेश्वर धाम मंदिर में हल्दी की रस्म निभाई

### काले महादेव की निकलेगी शाही सवारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

श्री चंद्रमौली नर्मेश्वर धाम मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व की धूम है। शनिवार को मंदिर परिसर में महिलाओं ने हल्दी की रस्में की। इस दौरान एक-दूसरे को हल्दी लगाने के साथ ही भजन-कीर्तन किए। रविवार को महाशिवरात्रि पर्व पर भगवान श्री चंद्रमौली का पूजन अभिषेक होगा। वहीं रसूलिया स्थित इच्छापूर्ति मंदिर में भी भगवान भोलेनाथ की भव्य बारात निकाली जाएगी। वहीं महाशिवरात्रि पर गोलघाट स्थित काले महादेव शाही सवारी शहर की विभिन्न गलियों से निकाली जाएगी। जिसके लिए तैयारियां हो चुकी है। वहीं प्रातः 4 बजे भस्म आरती आयोजित होगी।

# माखननगर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शताब्दी वर्ष पर प्रबुद्ध जन गोष्ठी आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में माखननगर स्थित अम्बेडकर मंगल भवन में प्रबुद्ध जन गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में मध्य क्षेत्र के संगठन मंत्री, विद्या भारती से जुड़े अखिलेश मिश्रा उपस्थित रहे। अपने उद्बोधन में अखिलेश मिश्रा ने संघ की स्थापना से लेकर 100 वर्षों की गौरवपूर्ण यात्रा पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि बीते एक शताब्दी में संघ ने संगठन, संस्कार और सेवा के माध्यम से समाज जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में सकारात्मक परिवर्तन लाने का कार्य किया है। उन्होंने इस बात पर भी ध्यान आकर्षित किया कि इन वर्षों में हिंदू समाज अधिक संगठित, जागरूक और सशक्त बना है। मुख्य वक्ता ने "पंच परिवर्तन" की अवधारणा पर विस्तार से चर्चा करते हुए सामाजिक समरसता, परिवार प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी भावना और नागरिक कर्तव्य जैसे विषयों को वर्तमान समय की आवश्यकता बताया। उन्होंने प्रबुद्ध जनों से आह्वान किया कि वे समाज में सकारात्मक बदलाव के वाहक बनें और राष्ट्र निर्माण के कार्य में सक्रिय भूमिका निभाएं। कार्यक्रम में क्षेत्र के चिकित्सक, वकील, उन्नत किसान एवं अपने-अपने क्षेत्र में अग्रणी स्थान रखने वाले अनेक प्रबुद्ध एवं सामाजिक जन उपस्थित रहे। गोष्ठी के अंत में सभी ने समाजहित एवं राष्ट्रहित में मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

# समर्पण दिवस पर भाजपा का आजीवन सहयोग निधि अभियान, कार्यकर्ताओं ने लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल इटारसी द्वारा अंत्योदय के प्रणेता और प्रखर राष्ट्रवादी विचारक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि को समर्पण दिवस के रूप में मनाया। इस पावन अवसर पर पार्टी की मजबूती और संगठन विस्तार हेतु आजीवन सहयोग निधि संग्रह कार्यक्रम का आयोजन किया।

#### एकात्म मानववाद के सिद्धांतों का स्मरण

कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया। उपस्थित वक्ताओं ने उनके एकात्म मानववाद और समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान अंत्योदय के सिद्धांतों पर प्रकाश डाला। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पंडित का जीवन सादगी और राष्ट्र के प्रति पूर्ण समर्पण का अनुपम उदाहरण है। समर्पण दिवस के अवसर पर नगर मंडल के पदाधिकारियों और निष्ठावान कार्यकर्ताओं ने अपनी सामर्थ्य अनुसार आजीवन सहयोग निधि एकत्र की। कार्यकर्ताओं ने व्यक्तिगत रूप से निधि दान कर संगठन के प्रति अपनी अटूट आस्था प्रकट की।

इस अवसर पर सभी ने मिलकर भारतीय जनता पार्टी को और अधिक सशक्त, सक्रिय और प्रभावी बनाने का सामूहिक संकल्प लिया। कार्यक्रम में नगर मंडल के वरिष्ठ नेता, पार्षद और सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पुलवामा शहीदों की स्मृति में रक्तदान शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



नगर पालिका परिषद क्षेत्र स्थित पुरोहित गार्डन में राजपूत करणी सेना क्षत्रिय समाज द्वारा पुलवामा हमले में शहीदों को श्रद्धांजलि स्वरूप रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजीव जायसवाल ने दीप प्रज्वलित कर मां दुर्गा के पूजन के साथ किया। इस अवसर पर विधायक ठाकुरदास नागवंशी, संजू शुक्ला, रंजीत सिंह, सुलभ गोदानी, उदय सिंह राजपूत, हर्षलता राजपूत, ममता नागोत्रा, अशोक पुरोहित सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।मुख्य अतिथि राजीव जायसवाल ने सर्वप्रथम रक्तदान कर शिविर की शुरुआत की। नेत्र चिकित्सक डॉ. श्याम सुंदर सोडानी के अनुसार लगभग 57 यूनिट रक्त संग्रहित हुआ। नर्मदापुरम जिले से आई चिकित्सक टीम ने सहयोग प्रदान किया। सायंकाल मंगलवारा चौराहे पर कैंडल मार्च निकालकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। साथ ही शहीद भगत सिंह कॉलेज सहित विभिन्न शिक्षण संस्थानों में भी श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित हुए।

### राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत होंगे उच्च स्तरीय निशुल्क ऑपरेशन

# दो बच्चों की अहमदाबाद में होगी निशुल्क सर्जरी, जिले से चार बच्चे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



सोहागपुर ब्लॉक के दो बच्चों के हृदय रोग के निशुल्क आपरेशन राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत अहमदाबाद में होंगे। दोनों बच्चों को 13 फरवरी को परिजनों के साथ भोपाल भेजा गया है। सोहागपुर बीएमओ डॉक्टर रेखा सिंह गौर ने बताया कि 11 वर्षीय रंजीत अहिरवार पुत्र भागीरथ अहिरवार निवासी ग्राम महुआ खेड़ा खुर्द सोहागपुर तथा लगभग नौ वर्षीय हरि भाई पुत्री मोहन सिंह निवासी ग्राम किशनपुर ब्लॉक सोहागपुर में हृदय रोग संबंधी समस्या है। तथा बच्चों के निशुल्क ऑपरेशन राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत किए जाने हैं। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम टीम से डॉक्टर श्रवण कुमार, डॉक्टर शाहिला तथा डॉक्टर नीलिमा कुशवाहा ने बताया कि बच्चों का ऑपरेशन के लिए चयन किया गया था। जिन्हें 14 दिसंबर 2025 को नर्मदापुरम से हृदय रोग संबंधित समस्या के निदान के लिए जेपी हॉस्पिटल भोपाल पहुंचाया गया था। जिसके बाद ऑपरेशन के एस्टीमेट बनाए गए व ऑपरेशन के लिए 13 फरवरी 2026 को भोपाल भेजा गया है। भोपाल से ये बच्चे अहमदाबाद भेजे जाएंगे जहां उनकी निशुल्क सर्जरी की जाएगी।

#### जिले से चार बच्चे शामिल


सोहागपुर बीएमओ डॉक्टर रेखा सिंह गौर ने बताया कि नर्मदापुरम जिले से चार बच्चे अहमदाबाद भेजे गए हैं। जिनमें सोहागपुर से दो बच्चे हैं। तथा एक बालिका इटारसी से व एक और बालिका ग्राम हासलपुर विकासखंड डोलरिया से शामिल हैं। जिन्हें ऑपरेशन के लिए अहमदाबाद भेजने के संबंध में 12 फरवरी 2026 को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी नर्मदापुरम कार्यालय से पत्र प्रेषित किया गया था। बच्चों के आवागमन की समुचित व्यवस्था की गई है।

#### कर सकते हैं संपर्क

मामले में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की सोहागपुर टीमों के चिकित्सकों डॉक्टर श्रवण कुमार, डॉक्टर शाहिला तथा डॉक्टर नीलिमा कुशवाहा ने बताया कि 18 वर्ष आयु के बच्चों में शारीरिक स्वास्थ्य संबंधी यदि कोई समस्या होती है तो परिजन सोहागपुर सरकारी अस्पताल में संपर्क कर सकते हैं। जिसके बाद बच्चों का सर्वे किया जाता है कि इलाज की व्यवस्था शासकीय व्यय पर कैसे की जा सकती है। जिसके बाद एस्टीमेट बनवाए जाते हैं तथा एस्टीमेट आधार पर राशि स्वीकृत कराकर निशुल्क ऑपरेशन कराए जाते हैं।

# श्रद्धा, उत्साह व आध्यात्मिक उमंग के साथ मना महाशिवरात्रि पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखन नगर



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वावधान में महाशिवरात्रि का पावन पर्व माखन नगर में श्रद्धा, उत्साह और आध्यात्मिक उमंग के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत परमात्म ध्वजारोहण एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुई, जिससे वातावरण भक्तिमय और अलौकिक बन गया।कार्यक्रम में निर्मला बहन जी ने उपस्थित अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान शब्दों से अभिनंदन किया। पूर्व लायंस क्लब अध्यक्ष आदरणीय भ्राता दीपक वर्मा ने महाशिवरात्रि की शुभकामनाएँ देते हुए सभी के भीतर उमंग और उत्साह का संचार किया तथा पर्व के आध्यात्मिक संदेश को आत्मसात करने का आह्वान किया।पिपरिया सेवाकेंद्र से पधारी आदरणीय सैलम दीदी ने महाशिवरात्रि के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वयं निराकार परमात्मा शिव वर्तमान संगम युग में साकार मनुष्य तन का आधार लेकर समस्त मानव आत्माओं को नर से श्री नारायण और नारी से लक्ष्मी बनने हेतु राजयोग ध्यान की दिव्य शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। इस आध्यात्मिक शिक्षा के परिणामस्वरूप मानव जीवन में दिव्य गुण, विशेषताएँ और शक्तियाँ स्वाभाविक रूप से प्रकट होने लगती हैं। पार्षद बहन रुक्मणी ने भी कार्यक्रम की महिमा का वर्णन किया। मंच संचालन का दायित्व भारती बहन ने कुशलतापूर्वक निभाया। अंत में सभी उपस्थित जनों को प्रसाद वितरण एवं ईश्वरीय वरदान प्रदान किए गए। पूरा कार्यक्रम श्रद्धा, शांति और आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण रहा, जिसने उपस्थित सभी भाई-बहनों के मन में नई प्रेरणा और सकारात्मकता का संचार किया।

## खबर संक्षेप

### एकलव्य विद्यालय की प्राचार्य का तबादला

**रहटगांव।** नगर में स्थित एकलव्य विद्यालय की प्राचार्य सोनिया आनंद का तबादला कर दिया गया है। उन्हें मध्यप्रदेश से उत्तरप्रदेश के सोनभद्र जिले के पीपरखंड भेजा गया है। जनजातीय कार्य मंत्रालय के ज्वाइंट कमिश्नर विपिन कुमार ने यह तबादला आदेश जारी किए हैं। यह तबादला विद्यार्थियों द्वारा की गई शिकायत और विरोध प्रदर्शन के बाद हुआ है। 17 जनवरी की सुबह करीब 300 से अधिक छात्र-छात्राएं स्कूल की बाउंड्रीवॉल फांदकर कलेक्टर सिद्धार्थ जैन से मिलने हरदा के लिए पैदल निकल पड़े थे। छात्रों के पैदल मार्च की सूचना मिलने पर कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ग्राम सोडलपुर के पास रास्ते में ही उनसे मिले और उनकी समस्याएं सुनीं। इसके बाद कलेक्टर स्वयं एकलव्य विद्यालय पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। जिला प्रशासन की जांच रिपोर्ट के बाद जनजातीय विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी विद्यालय का निरीक्षण किया था। विद्यार्थियों ने प्राचार्य पर कई गंभीर आरोप लगाए थे, जिसके बाद यह कार्रवाई की है।

### रफत उल्ला खान का सिविल सर्विस हॉकी प्रतियोगिता में चयन

**सीहोर।** केन्द्रीय सिविल सेवा सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा बोर्ड, नई दिल्ली के तत्वावधान में आयोजित भारतीय सिविल सेवा हॉकी (पुरुष) प्रतियोगिता 2025-26 में सीहोर के रफत उल्ला खॉन का चयन मध्यप्रदेश सिविल सर्विस टीम में हुआ है। यह प्रतियोगिता 17 फरवरी से 28 फरवरी क नई दिल्ली में आयोजित की जा रही है। रफत उल्ला खान वर्तमान में जिला चिकित्सालय सीहोर में पदस्थ हैं। उनके चयन पर जिला चिकित्सालय परिवार में हर्ष का माहौल है। उल्लेखनीय है कि रफत उल्ला खान पूर्व में भी विभिन्न सिविल सर्विस प्रतियोगिताओं में सहभागिता कर प्रदेश का नाम रोशन कर चुके हैं। सिविल सर्जन डॉ. उमेश श्रीवास्तव, आरएमओ डॉ. सुधीर श्रीवास्तव, सहित अनेक डॉक्टरों एवं स्टाफ ने शुभकामनाएं दी हैं।

### नए कनेक्शन के लिए अब एमपी ऑनलाइन के माध्यम से करें आवेदन

**सीहोर।** विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कंपनी कार्यक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले 16 जिलों के बिजली उपभोक्ताओं को नए वर्ष में सौगात दी है। बिजली उपभोक्ता अब एम.पी.ऑनलाइन के माध्यम से भी ऑनलाइन आवेदन कर नया बिजली कनेक्शन ले सकेंगे। इसके लिए मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने एम.पी. ऑनलाइन से अनुबंध संपादित किया है और बिजली उपभोक्ताओं को यह सुविधा जनवरी 25 के अंतिम सप्ताह से मिलना शुरू हो जाएगी। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक एवं निदेशक (वाणिज्य) की उपस्थिति में मुख्य महाप्रबंधक (वाणिज्य) एवं एम.पी. ऑनलाइन के बिजनेस हेड द्वारा कंपनी मुख्यालय में अनुबंध हस्ताक्षरित किया गया। बिजली उपभोक्ताओं को आसान और त्वरित माध्यम से बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराने के लिए एमपी ऑनलाइन से एक अनुबंध हस्ताक्षरित किया है।

### मासूम आंगनबाड़ी गया था, दरिंदे ने दुष्कर्म कर की थी हत्या

# साढ़े पांच साल के मासूम की हत्या के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

सिविल लाइन थाना क्षेत्र में 13 फरवरी को खंडहर पड़े सरकारी स्कूल में मिली साढ़े 5 साल के मासूम के शव की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। पुलिस ने इस मामले में पड़ोस में रहने वाले आरोपी भूरा को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने मासूम के साथ दुष्कर्म कर उसकी हत्या की थी। एएसपी अमित कुमार मिश्रा ने शनिवार को पुलिस कंट्रोल रूम में इस अंधे कत्ल का खुलासा किया।



पुलिस के मुताबिक, घटना वाले दिन मासूम आंगनबाड़ी गया था। आरोपी भूरा ने आंगनबाड़ी छूटने के बाद उसे कुरकुरे खिलाकर करीब एक से डेढ़ घंटे तक अपने पास रोके रखा। इसके बाद वह उसे बंद पड़े स्कूल भवन के पास लगे बेर खिलाने के बहाने अपने साथ ले गया। खंडहर स्कूल में ले जाकर आरोपी ने बालक के साथ दुष्कर्म किया। जब बालक चिल्लाने लगा, तो डर के मारे आरोपी ने उसका मुंह और नाक दबाकर हत्या कर दी। इसके बाद शव के ऊपर कपड़ा डालकर मौके से फरार हो गया। परिजनों ने पुलिस को बताया कि शव के गले पर चोट के निशान थे। पुलिस को शक हुआ और उन्होंने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले। फुटेज में मासूम दोपहर 1:55 बजे स्कूल की ओर जाता दिखाई दिया। इसके ठीक तीन मिनट बाद यानी 1:58 बजे आरोपी भूरा भी उसी दिशा में जाता दिखा। शाम 5:24 बजे आरोपी अकेला लौटता दिखाई दिया, जिससे पुलिस का शक उस पर गहरा गया और सख्ती से पूछताछ में उसने जुर्म कबूल कर लिया।



#### दो साल से बंद पड़े स्कूल में मिला था शव

घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने गांव के सरपंच अनिल पुनासे के साथ मिलकर करीब दो साल से बंद पड़े स्कूल भवन और मृतक के घर के आसपास के इलाके में जांच की। फिलहाल बच्चे की मौत के कारणों का पता नहीं चल पाया है। बताया जा रहा है कि दोपहर करीब डेढ़ बजे बच्चा स्कूल के रास्ते पर अकेला जाते हुए गांव के एक सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दिया है। मासूम के गले पर चोट के निशान होने की बात सामने आई है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि शव के ऊपर एक कपड़ा पड़ा हुआ था। खंडहर स्कूल भवन के अंदर जाने वाले रास्ते पर कंटीली बाड़ लगी है, जिससे यह संदेह हो रहा है कि बच्चा उसके भीतर कैसे गया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल पाएगा। पुलिस हर बिंदु पर जांच कर रही है।

#### इनका कहना है

घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों से बातचीत कर, सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदेही से पूछताछ की। जिसमें उसने घटना करना स्वीकार किया है। 24 घंटे में आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

अमित कुमार मिश्रा

### बिना नंबर की बाइक जब्त

## आरोपी से 1 किलो 870 ग्राम अवैध अफीम डोडाचूरा बरामद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

सिटी कोतवाली पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक आरोपी को डोडाचूरा के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी राजस्थान से डोडाचूरा लाकर हरदा में बेचने की फिराक में था। पुलिस ने उसे इंदौर-बैतूल हाईवे पर पकड़ा। थाना प्रभारी रोशनलाल भारती ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि इंदौर की ओर से एक युवक बिना नंबर की बाइक पर डोडाचूरा लेकर हरदा आ रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तत्काल इंदौर-बैतूल हाईवे पर ग्राम डगांवानीमा के पास घेराबंदी की। पुलिस ने मुखबिर द्वारा बताए हुलिए के अनुसार एक बिना नंबर की मोटरसाइकिल को रोका। चालक ने अपना नाम सुशील मालवीय (35 वर्ष), पिता रामनारायण मालवीय, निवासी श्रीनगर कॉलोनी, हरदा बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से 1 किलो 870 ग्राम अवैध अफीम डोडाचूरा बरामद किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 18,700 रुपये है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से बिना नंबर की मोटरसाइकिल भी जब्त की, जिसकी अनुमानित कीमत 20,000 रुपये है। आरोपी मोटरसाइकिल के वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। हरदा पुलिस ने सुशील मालवीय के खिलाफ अपराध क्रमांक 99/26, धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपी को शनिवार को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में एएसआई जितेंद्र राजपूत, आरक्षक प्रदीप मालवीय और आरक्षक नीलेश पटेल का विशेष योगदान रहा। पुलिस ने बताया कि अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ उनकी कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

## मां की हत्या के दोषी बेटे को उम्रकैद की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने मां की हत्या के आरोपी बेटे पर दोष सिद्ध पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। आरोपी पर एक हजार रुपए का अर्थदंड लगाया है। डीपीओ आशाराम रोहित व एडीपीओ विनोद कुमार अहिरवार ने बताया टिमरनी थाना क्षेत्र के पीपल्या कलां निवासी राजू पिता संतोष कहार ने रुपए के लेनदेन में मां की हत्या कर दी। राजू के भाई रामू कहार ने बताया कि हम तीन भाई हैं। मंझला भाई विजय खातेगांव रहता है। राम सिंह उर्फ रामू कहार और राजू पड़ोसी हैं। रामू अपनी मां के साथ रहता था। 30 अगस्त 2025 को सुबह करीब 8 बजे पशुओं के लिए चारा लेने खेत में गया था। चारा लेकर करीब 9 बजे लौटा तो देखा की राजू मां के ऊपर बैठकर मुंह और नाक दबा रहा था। मुझे देखकर आरोपी राजू मां के नाक की लोंग नाक से लेकर फरार हो गया। नजदीक जाकर देखा तो मां मर चुकी थी। उसकी शिकायत पर आरोपी राजू के खिलाफ बीएनएस की धारा 103 (1) में केस दर्ज कर पुलिस ने चालान न्यायालय में पेश किया। न्यायाधीश ने आरोपी राजू को मां की हत्या का दोषी पाते हुए आजीवन कैद और एक हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है।

### विधिक साक्षरता शिविरों का आयोजन किया, बच्चे कानूनी रूप से बने साक्षर

# अधिकारों के बारे में लोगों को शिक्षित व बच्चों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

शनिवार को एकीकृत शासकीय मा. शाला हरदाखुर्द में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित न्यायाधीश, सचिव चंद्रशेखर राठौर द्वारा बताया गया कि बच्चों के अधिकारों के बारे में लोगों को शिक्षित करना और बच्चों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना, बच्चों के अधिकारों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए जागरूकता बढ़ाने, शिक्षा को बढ़ावा देने और बाल यौन शोषण बाल विवाह, बाल श्रम आदि के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए है। साथ ही यह भी बताया गया कि नालसा डॉन स्कीम 2025 राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नालसा द्वारा नशा उन्मूलन हेतु शुरू की गई एक पहल है। इसका उद्देश्य, विशेष रूप से युवा व किशोरों में



नशीले पदार्थों के उपयोग के विरूध्द जागरूकता बढ़ाना और नशे के शिकार लोगों को कानूनी सहायता और कल्याणकारी सेवाएं प्रदान करना है। इसी क्रम में बताया गया कि आमजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हरदा या अन्य विधिक सेवा संस्थान में उपस्थित होकर/पत्र के माध्यम से/नालसा पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराकर/15100 पर कॉल कर विधिक सहायता/सलाह आसानी से प्राप्त कर सकते है। कानूनी मामलों में विधिक सलाह एवं परामर्श विधिक परामर्श केन्द्र से उक्त सेवा पूर्णतः निःशुल्क है। शिविर में शिक्षकगण छात्र-छात्राएं एवं पैरालीगल वॉलेंटियर रेखा विश्नोई उपस्थित रहे।


## रासेयो ने मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता का संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

हरदा आदर्श महाविद्यालय हरदा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा महाविद्यालय के संचालक उमर रऊफ के मार्गदर्शन में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं आमजन में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना तथा तनाव, अवसाद और नशे जैसी समस्याओं से बचाव के प्रति प्रेरित करना था। कार्यक्रम के अंतर्गत स्वयंसेवकों द्वारा आकर्षक पोस्टर निर्माण किया गया, जिसमें मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े महत्वपूर्ण संदेशों को रचनात्मक रूप में प्रस्तुत किया गया। इसके साथ ही रंग-बिरंगी रंगोली बनाकर ह्लस्वस्थ मन, स्वस्थ जीवनह्व का संदेश दिया गया। स्वयंसेवकों ने प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर समाज में मानसिक स्वास्थ्य के महत्व को उजागर किया। नाटक के माध्यम से बताया गया कि मानसिक समस्याओं को छिपाने के बजाय खुलकर चर्चा करना और समय पर परामर्श लेना आवश्यक है। कार्यक्रम के अंत में सभी को यह संदेश दिया गया कि मानसिक स्वास्थ्य भी शारीरिक स्वास्थ्य जितना ही महत्वपूर्ण है तथा हमें स्वयं और अपने आसपास के लोगों के मानसिक स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशील रहना चाहिए।

## खाटू नरेश का 11 हजार रुद्राक्ष से किया गया श्रृंगार

**सीहोर।** एकादशी पर शुक्रवार को सैकड़ाखेड़ी पर स्थिति बाबा खाटू श्याम के मंदिर पर जिले सहित प्रदेश भर से एक लाख से अधिक श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचे। खाटू श्याम मंदिर के संस्थापक ऋषि सोलंकी ने बताया कि शनिवार कोग्यारस और रुद्राक्ष महोत्सव के उपलक्ष्य में बाबा खाटू नरेश का 11 हज़ार रुद्राक्ष से श्रृंगार किया गया।



इस एकादशी पर सुबह से शाम तक में सीहोर, भोपाल, आष्टा, इछावर, होशंगाबाद, राजगढ़, बैतूल, इटारसी सहित प्रदेश के अन्य स्थानों से एक लाख से अधिक श्रद्धालु बडी संख्या में दर्शन करने पहुंचे कई पैदल श्रद्धालुओं का जत्था भी बाबा श्याम का निशान लेकर मंदिर पहुंचे। मंदिर समिति के जगदीश सोलंकी ने बताया कि बाबा के दरबार में प्रत्येक एकादशी पर श्रद्धालुओं द्वारा बाबा श्याम के भजनों की प्रस्तुति दी जाती है, जिससे पूरा माहौल भक्तिमय बन जाता है। मंदिर के प्रमुख संरक्षक विवेक राठौर ने बताया कि बाबा श्याम का इस बार ११ हज़ार रुद्राक्ष से आकर्षक श्रृंगार भक्तों को अपनी ओर आकर्षित करता नजर आया हर ग्यारस पर बाबा का श्रृंगार किया जाता है रुद्राक्ष के श्रृंगार से बाबा खाटू नरेश भोलेनाथ का स्वरूप धारण किए हुए भक्तों का मन मोह रहे थे।

## नपा के 100 कर्मचारी कुबेरेश्वरधाम पर तैनात, बेहतर इंतजाम की व्यवस्था की जाएगी : नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर

**सीहोर।** जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में होने वाले शिवमहापुराण को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने अमले को ड्यूटी पर तैनात किया है। इसको लेकर शुक्रवार को नगर पालिका के सभाकक्ष में नगर पालिका सीएमओ सुधीर कुमार, पार्षदों और स्वच्छता प्रभारी अमित यादव आदि की उपस्थिति में शहर और धाम को लेकर स्वच्छता के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया।

इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष राठौर ने बताया कि हमारे क्षेत्र की आन, बान और शान अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के



मार्गदर्शन में होने वाला रुद्राक्ष महोत्सव हमारे लिए गौरव का विषय है, इसमें 10 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के आने की संभावना है, इसको लेकर मंदिर परिसर में स्वच्छता के लिए 100 से अधिक कर्मचारियों को तैनात किया गया है। जानकारी के अनुसार नगर पालिका सीहोर की ओर से 100 से अधिक सफाई मित्रों को यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं की सेवा के कार्य के लिए लगाया गया है।

इसके अलावा पानी के टैंकर, फायर बिग्रेड, 20 कचरा गाड़ी आदि की व्यवस्था भी की गई है। नगर पालिका अमले के द्वारा नियमित रूप से साफ सफाई कराई जा रही है। इसके अलावा आयोजन के लिए पेयजल और सफाई के विशेष इंतजाम आगे भी पूरी तरह किए जाएंगे, जहां पर भी आवश्यकता होगी। वह बेहतर इंतजाम की व्यवस्था की जाएगी। वहीं नगर पालिका सीएमओ ने शहर में भी स्वच्छता की व्यवस्था का इंतजाम के लिए भी तैयार रहने के लिए कहा है।

### शहर की जल सप्लाई ठप होने का खतरा, नपा अमले ने मौके पर पहुंचकर जारी किए नोटिस

# जमोनिया जोड़ व सायलों केंद्र के आसपास पाइप लाइन पर बने 11 मकान टूटेंगे, 3 दिन का दिया अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

शहर के गंज और मंडी क्षेत्र की प्यास बुझाने वाली मुख्य राइजिंग पाइप लाइन पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ नगर पालिका प्रशासन ने कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है। सायलों क्षेत्र के पास पाइप लाइन के ऊपर बने 11 अवैध मकानों को हटाने के लिए नगर पालिका ने नोटिस जारी कर तीन दिन का अल्टीमेटम दिया है।

विभाग ने साफ किया है कि यदि रहवासी स्वयं अतिक्रमण नहीं हटाते हैं तो नपा बलपूर्वक कार्रवाई करेगी। नगर पालिका प्रशासन के अनुसार जमोनिया जलाशय से मंडी और गंज क्षेत्र की ओर आने वाली मुख्य राइजिंग मेन लाइन के ऊपर लोगों ने एक-दूसरे की देखा-देखी पक्के निर्माण कर लिए हैं। हालत यह है कि पाइप लाइन पूरी तरह मकानों के नीचे दब गई है। यदि इस लाइन में कोई लीकेज या खराबी आती है तो उसकी मरम्मत करना वर्तमान स्थिति में नामुमकिन है। गर्मी से



पहले नपा अलर्ट मोड पर आगामी गर्मी के मौसम को देखते हुए नगर पालिका जल प्रदाय विभाग अलर्ट मोड पर है। शहर के एक बड़े हिस्से में जल संकट न गहराए, इसके लिए इन पाइप लाइनों का दुरुस्त होना अनिवार्य है। इसी को ध्यान में रखते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी के निर्देश पर 12 फरवरी को यह नोटिस दिए गए हैं। अधिकारियों का सख्त रुख नगर पालिका के एई विजय कोली ने बताया कि संबंधित मकान मालिकों को नोटिस थमा दिए गए हैं। नोटिस में स्पष्ट उल्लेख है कि निकाय की जलापूर्ति लाइन पर किया गया अतिक्रमण अवैध है। निर्माण न हटाने की स्थिति में होने वाली तोडफ़ोड़ की समस्त जिम्मेदारी और हर्जाना संबंधित व्यक्ति का होगा।



## अधिवक्ता परिषद चुनाव में सदस्य पद प्रत्याशी राजपूत का स्वागत किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

शुक्रवार को म.प्र राज्य अधिवक्ता परिषद चुनाव में सदस्य पद प्रत्याशी भानुसिंह राजपूत जनसम्पर्क अभियान के तहत जिला न्यायालय परिसर स्थित अधिवक्ता चेम्बर-6 में सम्पर्क करने पहुंचे। जिला बार एसोसिएशन के पुस्तकालय अध्यक्ष श्रवण वास्तवार, पूर्व केन्द्रीय मंत्री असलम शेरखान समर्थक कुतुबउद्दीन शेख, पत्रकार संतोषसिंह अधिवक्ता विजय सक्सेना, सुनील मेहता भगवान सिंह राजपूत, संजय पटेल, मनीष राठौर, प्रवीण जैन हरदयाल सूर्यवंशी सहित अनेक लोगों ने राजपूत का पुष्पहार पहना कर स्वागत किया। राजपूत ने अधिवक्ता गणों से समर्थन दिए जाने की अपील की।